This Question Paper consists of 47 questions and 19 printed pages.
इस प्रश्न-पत्र में 47 प्रश्न तथा 19 मुद्रित पृष्ठ हैं।

Roll No. | | | | | | | | | | | | |
अनुक्रमांक

**Code No.** **69/SS/A**
**कोड नं०**

**Set / सेट** **A**

# GENDER STUDIES
# लैंगिक अध्ययन
# (340)

Day and Date of Examination ..............................................................................
(परीक्षा का दिन व दिनांक)

Signature of Invigilators 1. ..............................................................................
(निरीक्षकों के हस्ताक्षर)

2. ..............................................................................

***General Instructions :***

1. Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2. Please check the Question Paper to verify that the total pages and total number of questions contained in the Question Paper are the same as those printed on the top of the first page. Also check to see that the questions are in sequential order.
3. For the objective type of questions, you have to choose any *one* of the four alternatives given in the question, i.e., (A), (B), (C) and (D) and indicate your correct answer in the Answer-Book given to you.
4. Making any identification mark in the Answer-Book or writing Roll Number anywhere other than the specified places will lead to disqualification of the candidate.
5. (a) The Question Paper is Bilingual, i.e., English and Hindi. However, if you wish, you can answer in any one of the languages listed below :

    English, Hindi, Urdu, Punjabi, Bengali, Tamil, Malayalam, Kannada, Telugu, Marathi, Odia, Gujarati, Konkani, Manipuri, Assamese, Nepali, Kashmiri, Sanskrit and Sindhi.

    You are required to indicate the language you have chosen to answer in the box provided in the Answer-Book.

   (b) If you choose to write the answer in the language other than Hindi and English, the responsibility for any errors/mistakes in understanding the questions will be yours only.



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

6. Candidate will not be allowed to take Calculator, Mobile Phone, Bluetooth, Earphone or any such electronic devices in the Examination Hall.

7. In case of any doubt or confusion in the Question Paper, the **English** version will prevail.

8. Write your Question Paper Code No. 69/SS/A, Set [A] on the Answer-Book.

***सामान्य अनुदेश*** :

1. परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।

2. कृपया प्रश्न-पत्र को जाँच लें कि प्रश्न-पत्र के कुल पृष्ठों तथा प्रश्नों की उतनी ही संख्या है जितनी प्रथम पृष्ठ के सबसे ऊपर छपी है। इस बात की जाँच भी कर लें कि प्रश्न क्रमिक रूप में हैं।

3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में आपको चार विकल्पों (A), (B), (C) तथा (D) में से कोई **एक** उत्तर चुनना है तथा दी गई उत्तर-पुस्तिका में आप सही उत्तर लिखें।

4. उत्तर-पुस्तिका में पहचान-चिह्न बनाने अथवा निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त कहीं भी अनुक्रमांक लिखने पर परीक्षार्थी को अयोग्य ठहराया जाएगा।

5. (क) प्रश्न-पत्र केवल अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम में है। फिर भी, यदि आप चाहें तो नीचे दी गई किसी एक भाषा में उत्तर दे सकते हैं :

   अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, पंजाबी, बंगला, तमिल, मलयालम, कन्नड़, तेलुगू, मराठी, उड़िया, गुजराती, कोंकणी, मणिपुरी, असमिया, नेपाली, कश्मीरी, संस्कृत और सिन्धी।

   कृपया उत्तर-पुस्तिका में दिए गए बॉक्स में लिखें कि आप किस भाषा में उत्तर लिख रहे हैं।

   (ख) यदि आप हिन्दी एवं अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य भाषा में उत्तर लिखते हैं, तो प्रश्नों को समझने में होने वाली त्रुटियों/गलतियों की जिम्मेदारी केवल आपकी होगी।

6. परीक्षार्थी को परीक्षा हॉल में कैल्कुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इयरफोन जैसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है।

7. प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार के संदेह अथवा दुविधा की स्थिति में **अंग्रेजी** अनुवाद ही मान्य होगा।

8. अपनी उत्तर-पुस्तिका पर प्रश्न-पत्र का कोड नं० 69/SS/A, सेट [A] लिखें।


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

# GENDER STUDIES

## लैंगिक अध्ययन

## (340)

Time : 3 Hours ] [ Maximum Marks : 100

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 100

*Note* : (i) This question paper consists of 47 questions in all.

(ii) *All* questions are compulsory and carry marks as indicated against each question.

(iii) **Section—A** consists of Question Numbers **1** to **30** as follows :

(a) Q. Nos. **1** to **20** are Multiple Choice Questions carrying *1* mark each. For these questions, you have to choose the most appropriate answer from amongst the four choices given as (A), (B), (C) and (D).

(b) Q. Nos. **21** to **30** are other Objective-type questions. Marks are indicated against each question. Attempt as per instructions given therein with each such question.

(iv) **Section—B** consists of Question Nos. **31** to **47** :

(a) Q. Nos. **31** to **37** are very short answer-type questions. Each question carries *2* marks, to be answered in the range of *80* to *120* words.

(b) Q. Nos. **38** to **44** are short answer-type questions. Each question carries *3* marks, to be answered in the range of *150* to *200* words.

(c) Q. Nos. **45** to **47** are long answer-type questions. Each question carries *5* marks, to be answered in the range of *400* to *500* words.

**निर्देश** : (i) इस प्रश्न-पत्र में कुल 47 प्रश्न हैं।

(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

(iii) **खण्ड–क** में प्रश्न संख्या **1** से **30** तक निम्नानुसार हैं :

(a) प्रश्न संख्या **1** से **20** तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक प्रश्न *1* अंक का है। प्रत्येक प्रश्न में दिए गए चार विकल्पों (A), (B), (C) और (D) में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें और लिखें।

(b) प्रश्न संख्या **21** से **30** तक वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक उस प्रश्न के सामने दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए निर्देशों के अनुसार इन प्रश्नों के उत्तर दें।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

(iv) **खण्ड–ख** में प्रश्न संख्या **31** से **47** तक हैं :

(a) प्रश्न संख्या **31** से **37**, *2* अंक के अति लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *80* से *120* शब्दों में देने हैं।

(b) प्रश्न संख्या **38** से **44**, *3* अंक के लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *150* से *200* शब्दों में देने हैं।

(c) प्रश्न संख्या **45** से **47**, *5* अंक के दीर्घ-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, जिनके उत्तर *400* से *500* शब्दों में देने हैं।

(1) Answers of all questions are to be given in the Answer-Book given to you.
सभी प्रश्नों के उत्तर आपको दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें।

(2) 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 2:15 p.m. From 2:15 p.m. to 2:30 p.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the Answer-Book during this period.
इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण दोपहर में 2:15 बजे किया जाएगा। दोपहर 2:15 बजे से 2:30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

## SECTION–A

## खण्ड–क

Answer all multiple choice questions :

सभी बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**1.** Participatory video is different from usual filmmaking as

(A) it aims to build the participant's social influence

(B) it is a dynamic process of community-led learning

(C) it does not require conventional literacy to operate the media

(D) All of the above 1

सहभागी वीडियो सामान्य फिल्म-निर्माण से भिन्न है, क्योंकि

(A) इसका उद्देश्य सहभागी के सामाजिक प्रभाव का निर्माण करना है

(B) यह समुदाय द्वारा संचालित सीखने की एक गतिशील प्रक्रिया है

(C) मीडिया को संचालित करने के लिए पारंपरिक साक्षरता की आवश्यकता नहीं होती

(D) उपर्युक्त सभी



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**2.** Most of the newspapers emerged during the period of freedom struggle. Identify the newspaper that did not emerge. 1

(A) *The Indian Express* (B) *Amrita Bazar Patrika*

(C) *The Tribune* (D) *The Statesman*

अधिकांश समाचार-पत्र स्वतंत्रता संग्राम के दौरान ही उभरे। उस समाचार-पत्र का नाम पहचानिए जो उस समय नहीं उभरा।

(A) *दि इंडियन एक्सप्रेस* (B) *अमृत बाजार पत्रिका*

(C) द *ट्रिब्यून* (D) द *स्टेट्समैन*

**3.** One of the key theories exploring gender language inequalities that laid importance to the socialization process is the

(A) diffident theory (B) social power theory

(C) difference theory (D) deficit theory 1

लैंगिक भाषा असमानताओं की खोज करने वाले प्रमुख सिद्धान्तों में से एक, जो समाजीकरण प्रक्रिया के लिए महत्त्व रखता है, वह है

(A) संकोच सिद्धान्त (B) सामाजिक शक्ति सिद्धान्त

(C) अन्तर सिद्धान्त (D) घाटा सिद्धान्त

**4.** The Indecent Representation of Women (Prohibition) Act that prohibits the derogatory portrayal of women in media was passed in

(A) 1956 (B) 1995

(C) 1986 (D) 2000 1

मीडिया में महिलाओं के अपमानजनक चित्रण (प्रदर्शन) पर रोक लगाने वाला महिलाओं का अशिष्ट चित्रण (निषेध) अधिनियम पारित किया गया था

(A) 1956 में (B) 1995 में

(C) 1986 में (D) 2000 में

**5.** Which Article of the Constitution of India ensures that the State shall not deny any person the equality before the law and equal protection of the law? 1

(A) Article 17 (B) Article 16

(C) Article 15 (D) Article 14



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद निर्धारित करता है कि राज्य किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता और कानून के समान संरक्षण से वंचित नहीं कर सकता?

(A) अनुच्छेद 17
(B) अनुच्छेद 16
(C) अनुच्छेद 15
(D) अनुच्छेद 14

**6.** What is necessary for any marriage to be regarded as a legal marriage in India? 1

(A) The age of the female is to be 18 and that of the male 21 years
(B) Neither of the party should have a living spouse
(C) The parties are not within the degree of prohibited relationship
(D) All of the above

भारत में किसी भी विवाह को वैध माने जाने के लिए क्या आवश्यक है?

(A) महिला की आयु 18 वर्ष तथा पुरुष की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए
(B) किसी भी पक्ष का जीवित जीवनसाथी नहीं होना चाहिए
(C) पक्षकार निषिद्ध संबंधों की सीमा के भीतर नहीं हैं
(D) उपर्युक्त सभी

**7.** What should a pregnant woman avoid in her meals? 1

(A) Fruits and green vegetables
(B) Milk and milk products
(C) Processed food and canned food
(D) Light meals in small quantities about 5 to 6 times a day

गर्भवती महिला को अपने भोजन में क्या नहीं खाना चाहिए?

(A) फल और सब्जियाँ
(B) दूध और दूध-उत्पाद
(C) प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ
(D) दिन में लगभग 5-6 बार कम मात्रा में हल्का भोजन


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**8.** National Literacy Mission has been revised and is now referred to as

(A) Saksharta Abhiyan (B) Beti Bachao Beti Padhao

(C) New Education Policy (D) Saakshar Bharat Mission 1

राष्ट्रीय साक्षरता मिशन को संशोधित किया गया है और अब इसे किस रूप में जाना जाता है?

(A) साक्षरता अभियान (B) बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ

(C) नई शिक्षा नीति (D) साक्षर भारत मिशन

**9.** Which article under the Directive Principles of State Policy outlines certain specific provisions for women in India? 1

(A) Article 15(3) (B) Article 39(a)

(C) Article 16 (D) None of the above

राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत के तहत कौन-सा अनुच्छेद भारत में महिलाओं के लिए कुछ विशिष्ट प्रावधानों की रूपरेखा प्रस्तुत करता है?

(A) अनुच्छेद 15(3) (B) अनुच्छेद 39(a)

(C) अनुच्छेद 16 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**10.** Under Mahila Samakhya Programme, which alternate structures were developed to empower women? 1

(A) Counselling centres (B) Nari Adalats

(C) Sanjeevani Kendra (D) All of the above

महिला समाख्या कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कौन-सी वैकल्पिक संरचनाएँ विकसित की गईं?

(A) परामर्श केन्द्र (B) नारी अदालतें

(C) संजीवनी केन्द्र (D) उपर्युक्त सभी

**11.** The roles that men and women play in our society are essentially a result of

(A) capability and skill (B) gendered socialization

(C) colonial experiences (D) education 1



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

हमारे समाज में पुरुष और महिलाएँ, जो भूमिकाएँ निभाते हैं, वे मूलतः किसका परिणाम हैं?

(A) क्षमता और कौशल (B) लिंग-आधारित समाजीकरण

(C) औपनिवेशिक अनुभव (D) शिक्षा

**12.** What is *not* true about the social practices during the Rig Vedic period that impacted the status of women in society? 1

(A) Women could pursue the life of religion

(B) Infanticide was not practiced

(C) The practice of Sati was prevalent

(D) Monogamous marriages were preferred

ऋग्वेदिक काल के दौरान सामाजिक प्रथाओं के बारे में क्या सत्य **नहीं** है, जिसने महिलाओं की स्थिति को प्रभावित किया?

(A) महिलाएँ धार्मिक जीवन जी सकती थीं

(B) भ्रूणहत्या नहीं की जाती थी

(C) सतीप्रथा प्रचलित थी

(D) एकल विवाह की प्रथा प्रचलित थी

**13.** The Rainbow Flag also known as the Gay Pride Flag was designed by

(A) Ann Oakley (B) Gilbert Baker

(C) B. B. Whiting (D) Tom Doerr 1

'रेनबो फ्लैग' जिसे 'गे प्राइड फ्लैग' के नाम से भी जाना जाता है, किसके द्वारा डिजाइन किया गया?

(A) ऐन ओकले (B) गिल्बर्ट बेकर

(C) बी. बी. व्हाइटिंग (D) टॉम डोएर

**14.** Which of the following is *not* associated with the Bhakti Movement? 1

(A) Emerged in the medieval age (B) Was a Pan-Indian Movement

(C) Women could not be saints (D) Was a means to attain salvation



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

निम्नलिखित में से कौन-सा भक्ति आंदोलन से संबंधित **नहीं** है?

(A) मध्यकाल में उभरा
(B) एक अखिल भारतीय आन्दोलन था
(C) महिलाएँ संत नहीं हो सकती थीं
(D) मोक्ष प्राप्ति का साधन था

**15.** The kind of family where the married woman stays with her husband's family is a/an

(A) patrilineal family
(B) matrilineal family
(C) patrilocal family
(D) avunculocal family 1

वह परिवार, जिसमें विवाहित महिला अपने पति के परिवार के साथ रहती है, वह है

(A) पितृवंशीय परिवार
(B) मातृवंशीय परिवार
(C) पितृस्थानीय परिवार
(D) अवनकुलोकल परिवार (मातृवंशीय समाज)

**16.** Who among the following will *not* be regarded as a consanguinal kin? 1

(A) Nephew
(B) Husband
(C) Sister-in-law
(D) None of the above

निम्नलिखित में से किसे सगोत्रीय रिश्तेदार **नहीं** माना जाएगा?

(A) भतीजा
(B) पति
(C) भाभी/ननद
(D) इनमें से कोई नहीं

**17.** Shri Mahila Griha Udyog Lijjat Papad, an Indian woman's cooperative, was a brainchild of

(A) Ela Bhatt
(B) Medha Patkar
(C) Verghese Kurien
(D) Nilesh Mansata 1

श्री महिला गृह उद्योग लिज्जत पापड़ भारतीय महिलाओं की सहभागिता से निर्मित किसके दिमाग की उपज है?

(A) इला भट्ट
(B) मेधा पाटकर
(C) वर्गीस कुरियन
(D) नीलेश मनसाटा


Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**18.** Which among the following is *not* a factor that deters women from employment in India? 1

(A) Family responsibility

(B) Patriarchal mindset

(C) Lack of safe and secure work environment

(D) All of the above

निम्नलिखित में से कौन-सा वह कारक **नहीं** है, जो भारत में महिलाओं को रोजगार से रोकता है?

(A) पारिवारिक जिम्मेदारी

(B) पितृसत्तात्मक मानसिकता

(C) सुरक्षित कार्य वातावरण का अभाव

(D) उपर्युक्त सभी

**19.** Identify the health scheme from the clues below : 1

* Started in 2011
* Focus on free and cashless delivery
* Aim was to reduce out-of-pocket expenditure for pregnant women and infant
* Free drugs and other consumables and blood if needed

(A) PMSMA (B) MCTS

(C) JSSK (D) RMNCH+A

नीचे दिए गए संकेतों से स्वास्थ्य योजना की पहचान कीजिए :

* 2011 में शुरू
* निःशुल्क और नकदी रहित भुगतान (कैश लेस) पर ध्यान केंद्रित करना
* इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और शिशुओं के लिए जेब से होने वाले खर्च को कम करना था।
* निःशुल्क दवाइयाँ और अन्य उपभोग्य वस्तुएँ और आवश्यकता पड़ने पर रक्त उपलब्ध कराना

(A) पी० एम० एस० एम० ए० (B) एम० सी० टी० एस०

(C) जे० एस० एस० के० (D) आर० एम० एन० सी० एच० + ए०



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**20.** Prevention of skewed sex ratio due to female foeticide and infanticide is possible if

(A) all girls are educated so that preference of sons is diminished

(B) gender discrimination is reduced by imparting awareness

(C) all girls are educated and encouraged to be economically independent

(D) All of the above 1

कन्या भ्रूणहत्या तथा भ्रूणहत्या के कारण बिगड़ते लिंगानुपात की रोकथाम संभव है यदि

(A) सभी लड़कियों को शिक्षित किया जाए ताकि बेटों की प्राथमिकता कम हो

(B) जागरूकता फैलाकर लिंग भेदभाव को कम किया जा सकता है

(C) सभी लड़कियों को शिक्षित किया जाए और आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने के लिए प्रोत्साहित किया जाए

(D) उपर्युक्त सभी

**21.** Fill in the blanks : 1×3=3

*(a)* _____ was the first to raise the issue of the relationship between gender and language.

*(b)* _____, as an effective form of mass media, gives a viable platform to marginalized communities to raise their voices about the issues that affect them.

*(c)* The difference model, as one of the key theories of gender language inequalities that emphasises on socialization process, is also known as _____.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) _____ लिंग और भाषा के बीच संबंध का मुद्दा उठाने वाले पहले व्यक्ति थे।

(ख) _____ जनसंचार माध्यम के प्रभावी रूप में, हाशिए पर पड़े समुदायों को उन मुद्दों के बारे में अपनी आवाज उठाने के लिए एक व्यवहार्य मंच प्रदान करता है, जो उन्हें प्रभावित करते हैं।

(ग) अन्तर मॉडल, लिंग भाषा असमानताओं के प्रमुख सिद्धान्तों में से एक है, जो समाजीकरण प्रक्रिया पर जोर देता है, उसे _____ नाम से भी जाना जाता है।



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

**22.** Fill in the blanks : 1×3=3

(a) A family that comprises of a man with more than one wife living with their children is called a _____ family.

(b) The process of _____ has brought about significant changes in the family system due to large-scale migration.

(c) In the _____ Census, unpaid workers on farms and family enterprises were added to capture women's economic activities more realistically.

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) वह परिवार, जिसमें एक पुरुष अपनी एक से अधिक पत्नियों और बच्चों के साथ रहता हो, _____ कहलाता है।

(ख) बड़े पैमाने पर _____ प्रवास के कारण परिवार प्रणाली में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन आए हैं।

(ग) _____ जनगणना में खेतों में और पारिवारिक उद्यमों में, महिलाओं की आर्थिक स्थितियों को अधिक वास्तविकता के साथ दर्शाने के लिए, अवैतनिक श्रमिकों को भी शामिल किया गया है।

**23.** Define in one word or phrase : 1×3=3

(a) The property of a Hindu bride conferred as a token of love by her natal family

(b) An act of an unauthorized Internet user who creates fake profiles, edits the original picture and then reposts it

(c) The act that prohibits the derogatory portrayal of women in media through advertisement, publication, writings, painting, etc.

एक शब्द या वाक्यांश में परिभाषित कीजिए :

(क) एक हिंदू परिवार की दुल्हन की संपत्ति उसके परिवार द्वारा प्यार के प्रतीक के रूप में दी गई

(ख) एक अनधिकृत इंटरनेट उपयोगकर्त्ता का कृत्य, जिसने नकली प्रोफाइल बनाई, मूल तस्वीर को संपादित किया और फिर से पोस्ट किया

(ग) यह अधिनियम विज्ञापन, प्रकाशन, लेखन, विज्ञापनों आदि के माध्यम से महिलाओं के अपमानजनक चित्रण पर रोक लगाता है

**24.** Answer the following in one word or phrase : 1×3=3

(a) The kind of relationship developed through blood relations, like parents and their children



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*(b)* India's first transgender lawyer who studied law against all social odds, faced tremendous abuse because of her gender but succeeded due to her strong resolve

*(c)* The number of persons employed per thousand persons, used as an indicator for analysis of employment situation in the country

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या वाक्यांश में दीजिए :

(क) रक्त-संबंधी, माता-पिता और उनके बच्चों के माध्यम से विकसित होने वाला रिश्ता

(ख) भारत की पहली ट्रांसजेंडर वकील, जिसने सभी सामाजिक चुनौतियों के बावजूद वकालत की पढ़ाई की, उसको अपने लिंग के कारण जबरदस्त दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा, लेकिन अपने दृढ़ संकल्प के कारण उन्हें सफलता मिली

(ग) प्रति हजार व्यक्तियों पर नियोजित व्यक्तियों की संख्या देश में रोजगार की स्थिति के विश्लेषण के लिए एक संकेतक के रूप में प्रयुक्त की जाती है

**25.** Write True/False : 1×2=2

*(a)* Media can become a catalyst for change by altering its depiction of gender roles and aspirations.

*(b)* Advertisement, as an effective mass media, always represents and reflects the reality.

सत्य/असत्य लिखिए :

(क) मीडिया लैंगिक भूमिकाओं और आकांक्षाओं का बेहतर चित्रण करके बदलाव का उत्प्रेरक बन सकता है।

(ख) विज्ञापन, वास्तविकता को प्रस्तुत करने का एक प्रभावी माध्यम है।

**26.** Write True/False : 1×2=2

*(a)* All the different sources of socialization often reinforce each other.

*(b)* The behaviour process according to a particular gender is called 'doing gender'.

सत्य/असत्य लिखिए :

(क) समाजीकरण के सभी विभिन्न स्रोत अक्सर एक-दूसरे को मज़बूत करते हैं।

(ख) किसी विशेष लिंग के अनुसार व्यवहार प्रक्रिया को 'लिंग व्यवहार/भूमिका' कहते हैं।



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**27.** Write True/False : 1×2=2

*(a)* The Government of India adopted the National Policy for Women in 2001.

*(b)* A gender biased society ensures that women have their rightful share in all educational programmes and activities.

सत्य/असत्य लिखिए :

(क) भारत सरकार ने 2001 में राष्ट्रीय महिला नीति को अपनाया।

(ख) लैंगिक भेदभाव-आधारित समाज यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को सभी शैक्षिक कार्यक्रमों और अन्य गतिविधियों में उनका उचित हिस्सा मिले।

**28.** Write the full forms of the following : 1×4=4

*(a)* SCHIS

*(b)* PHC

*(c)* JSSK

*(d)* ASHA

निम्नलिखित के पूर्ण रूप लिखिए :

(क) एस० सी० एच० आइ० एस०

(ख) पी० एच० सी०

(ग) जे० एस० एस० के०

(घ) ए० एस० एच० ए०

**29.** Match Column—A with Column—B : 1×4=4

| *Column—A* | *Column—B* |
|---|---|
| *(a)* Article 14 | *(i)* equal pay for equal work |
| *(b)* An important reason for low access to education | *(ii)* adopted 'Women Component Plan' |
| *(c)* NSSO | *(iii)* ensures women right to equality |
| *(d)* 9th Five-Year Plan (1997–2002) | *(iv)* lack of transport facility |
| | *(v)* universal access and enrolment |
| | *(vi)* National Sample Survey Organization |



**Unnati Educations**
**9899436384, 9654279279**

कॉलम–क का कॉलम–ख के साथ मिलान कीजिए :

| कॉलम–क | | कॉलम–ख | |
|---|---|---|---|
| (क) | अनुच्छेद-14 | *(i)* | समान कार्य के लिए समान वेतन |
| (ख) | शिक्षा तक कम पहुँच का एक प्रमुख कारण | *(ii)* | 'महिला घटक योजना' को अपनाया गया। |
| (ग) | एन० एस० एस० ओ० | *(iii)* | महिलाओं को समानता का अधिकार सुनिश्चित करता है। |
| (घ) | 9वीं पंचवर्षीय योजना (1997–2002) | *(iv)* | परिवहन सुविधा का अभाव |
| | | *(v)* | सार्वभौमिक पहुँच और नामांकन |
| | | *(vi)* | राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन |

**30**. Read the passage below and answer the questions that follow : 1×4=4

State has a specific and significant role to play in making education accessible, available and approachable to all. To achieve this larger aim government makes various policies, schemes, programmes and laws. These initiatives are taken to promote gender equality at larger level. In India, despite the fact that we have right to education as our Fundamental Right, children are easily seen outside schools for doing various kinds of labour. Many girls are out of school and the situation is worse for transgenders. Women have often been discriminated against in the fields of education, work and career choices. Stereotypes in curriculum, textbooks and pedagogy, ideological barriers of male domination in various academic and professional fields prevent women from exercising available rights to achieve equal status in society. There are many obstacles in policy formation and its implementation due to social, cultural and economic barriers and people's minds. Various initiatives have been taken by government to promote gender equality in all spheres of life that includes social and educational equality, economic empowerment and political participation.

*(a)* What prevents women from exercising available rights to achieve equal status in society?

*(b)* Under which Article of the Constitution, do we enjoy education as a Fundamental Right?

*(c)* Why does government face difficulty in policy formation and implementation?

*(d)* Name any government initiative that has ensured equitable education for all genders.



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

शिक्षा को सभी के लिए पहुंच योग्य, उपलब्ध और सुलभ बनाने में राज्य की एक विशिष्ट और महत्त्वपूर्ण भूमिका है। इस बड़े उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की नीतियाँ, योजनाएँ, कार्यक्रम और कानून बनाती है। ये पहलें बड़े स्तर पर लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए की जाती हैं। भारत में, इस तथ्य के बावजूद कि शिक्षा हमारा मौलिक अधिकार है, बच्चों को विभिन्न प्रकार के श्रम करते हुए स्कूलों के बाहर आसानी से देखा जा सकता है। कई लड़कियाँ स्कूल नहीं जाती हैं और ट्रांसजेंडरों की स्थिति तो और भी खराब है। शिक्षा, काम और आजीविका विकल्पों के क्षेत्र में महिलाओं के साथ अकसर भेदभाव किया जाता है। पाठ्यक्रम, पाठ्य-पुस्तकों और शिक्षा-शास्त्र में रूढ़िवादित-विभिन्न शैक्षणिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में पुरुष वर्चस्व की वैचारिक बाधाएँ महिलाओं को समाज में समान दर्जा प्राप्त करने के लिए उपलब्ध अधिकारों का प्रयोग करने से रोकती हैं। सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक बाधाओं और लोगों के दिमाग के कारण नीति-निर्माण और इसके कार्यान्वयन में कई बाधाएँ हैं। सरकार द्वारा जीवन के सभी क्षेत्रों में लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलें की गई हैं जिनमें सामाजिक और शैक्षिक समानता, आर्थिक सशक्तिकरण और राजनीतिक भागीदारी शामिल हैं।

(क) महिलाओं को समाज में प्रतिष्ठा प्राप्त करने के लिए उपलब्ध अधिकारों का प्रयोग करने से क्या रोकता है?

(ख) संविधान के किस अनुच्छेद के तहत हमें शिक्षा मौलिक अधिकार के रूप में प्राप्त है?

(ग) सरकार को नीति-निर्माण और कार्यान्वयन में कठिनाई क्यों होती है?

(घ) किसी भी सरकारी पहल (योजना) का नाम बताइए, जिसमें सभी लिंगों के लिए समान शिक्षा सुनिश्चित की गई है।

## SECTION–B

## खण्ड–ख

Answer the following very short answer-type questions :

अति लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**31.** How does socialization occur passively? 2

समाजीकरण निष्क्रिय रूप से कैसे होता है?

**32.** What do the archaeological sources indicate about the position of women in the Indus Valley? 2

सिन्धु घाटी सभ्यता में महिलाओं की स्थिति के विषय में पुरातात्विक अवशेष क्या संकेत देते हैं?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

*Or / अथवा*

What was the role of marriage according to Dharmashastras?

धर्मशास्त्रों के अनुसार विवाह की क्या भूमिका थी?

**33.** Briefly explain any *two* factors leading to gender conflict. 2

लैंगिक संघर्ष को जन्म देने वाले किन्हीं **दो** कारकों का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

**34.** What is meant by sexual harassment? 2

यौन उत्पीड़न से क्या तात्पर्य है?

*Or / अथवा*

The Delhi gang rape case (December 16, 2012) resulted in the passing of which act? Which sexual offences were defined and included in the act?

दिल्ली सामूहिक बलात्कार मामले (16 दिसंबर, 2012) के परिणामस्वरूप कौन-सा अधिनियम पारित हुआ? अधिनियम में कौन-से यौन अपराधों को परिभाषित और शामिल किया गया है?

**35.** Do you feel that there exists a gender conflict in our society? Give arguments to justify. 2

क्या आपको लगता है कि हमारे समाज में लैंगिक संघर्ष मौजूद है? इसके औचित्य के लिए तर्क दीजिए।

**36.** How did the 'Bhikkhuni Sangha' prove to be liberating for women? 2

'भिक्खुनी संघ' महिलाओं के लिए किस प्रकार मुक्तिदायक सिद्ध हुआ?

**37.** What was the purpose of launching the Saathiya Scheme? 2

'साथिया योजना' शुरू करने का क्या उद्देश्य था?

*Or / अथवा*

What does the Government ensure through Janani Shishu Suraksha Karyakram (JSSK) 2011?

जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम 2011 के माध्यम से सरकार ने क्या सुनिश्चित किया है?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

Answer the following short answer-type questions :

लघूत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**38.** In the context of language, gender disparities are reflected in which *two* major domains? Explain with examples. 3

भाषा के संदर्भ में लैंगिक असमानताएँ किन **दो** मुख्य क्षेत्रों में परिलक्षित होती हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

**39.** What do you understand by kinship? What major purposes does it serve? 3

रिश्तेदारी से आप क्या समझते हैं? यह कौन-से प्रमुख उद्देश्यों को पूरा करती है?

*Or / अथवा*

Why is marriage considered to be a social institution in India?

भारत में विवाह को एक सामाजिक संस्था के रूप में क्यों माना जाता है?

**40.** Did the Bhakti Movement prove to liberate the women of the medieval period? 3

क्या भक्ति आंदोलन उस काल की महिलाओं के लिए मुक्तिदायक सिद्ध हुआ?

**41.** Briefly explain the ways by which Samagra Shiksha Abhiyan (SMSA) has promoted the education of girls in India. 3

संक्षेप में बताइए कि समग्र शिक्षा अभियान ने भारत में लड़कियों की शिक्षा को किस प्रकार बढ़ावा दिया।

**42.** How effective is the folk media as a means of mass communication? 3

जनसंचार के साधन के रूप में लोक मीडिया कितना प्रभावी है?

*Or / अथवा*

"Gender equality is an important component of freedom of expression." Do you agree with the statement? Give reasons in support of your opinion.

लैंगिक समानता अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने मत के समर्थन में कारण बताइए।

**43.** What maintenance rights are given to the women under Indian law? 3

भारतीय कानून के तहत महिलाओं को भरण-पोषण के क्या अधिकार दिए गए हैं?



Unnati Educations
9899436384, 9654279279

**44.** List out the commonly experienced biases by girls in most households in rural India? 3

ग्रामीण भारत में लड़कियों द्वारा घरों में किस प्रकार के पूर्वाग्रह की अनुभूति की जाती है? सूचीबद्ध कीजिए।

*Or / अथवा*

Write a note on Mahila Samakhya.

'महिला समाख्या' पर एक टिप्पणी लिखिए।

Answer the following long answer-type questions :

दीर्घ-उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**45.** Our gendered identity is an integral part of our identity. Explain. 5

हमारी लैंगिक पहचान हमारी पहचान का एक अभिन्न अंग है। स्पष्ट कीजिए।

*Or / अथवा*

Explain the socio-economic changes that impacted the position of women in the medieval period.

मध्यकालीन समाज में महिलाओं की स्थिति को प्रभावित करने वाले सामाजिक-आर्थिक कारणों की व्याख्या कीजिए।

**46.** Explain why and how the transgenders have not got a fair deal from the point of view of workforce diversity and inclusion. 5

कार्यबल विविधता और समावेशन के दृष्टिकोण से ट्रांसजेंडर को उचित व्यवहार क्यों और कैसे नहीं मिला? स्पष्ट कीजिए।

*Or / अथवा*

Explain how women's cooperatives have proved to be a strong step towards women empowerment with the help of specific case study of Lijjat Papad.

लिज्जत पापड़ की विशिष्ट केस स्टडी की सहायता से बताइए कि किस प्रकार महिला सहकारिता महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध हुआ।

**47.** What is dowry? How has the Dowry Prohibition Act, 1961 tried to deal with this social evil? 5

दहेज क्या है? दहेज निषेध अधिनियम, 1961 ने इस सामाजिक बुराई से निपटने के लिए क्या प्रयास किए?

★ ★ ★



**Unnati Educations**

**9899436384, 9654279279**